Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct overbridges at Railway Crossing No. 10 and 13 in Madhubani, Bihar-laid.

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी): मेरा संसदीय क्षेत्र मधुबनी (बिहार) जो कि यह जिला मुख्यालय भी है तथा इसकी आबादी बहुत ही घनी है । मधुबनी स्टेशन के दोनों तरफ पूरब एवं पश्चिम में सरकारी कार्यालय, मंडल कारा, हॉस्पिटल एवं शिक्षण संस्थान हैं । दरभंगा-मधुबनी-जयनगर रेल खंड में लम्बी दूरी एवं पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन अधिक है । जिसके कारण मधुबनी शहर के दोनों तरफ की रेलव कासिंग संख्या 10 एवं 13 प्रायः बंद रहती है जिसके कारण आम लोगों को काफी परेशानी होती है । बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं । कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच पाते हैं ।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री से आग्रह है कि उपरोक्त दोनों रेलवे कासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण के लिए यथाशीघ्र विभाग को निर्देश देने की कृपा करेंगे ।